शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा प्रकृति कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 अजमेर में वृक्षारोपण और व्याख्यान कार्यक्रम

दिनांक 28/11/2019 को प्रकृति कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 अजमेर में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा वृक्षारोपण एवं व्याख्यान कार्यक्रम रखा गया | कार्यक्रम के आरंभ में श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ तकनीशियन ने कक्षा 8वीं एवं 9वीं के छात्रों को वृक्षारोपण तकनीक पौधा रोपकर समझाई | श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने छात्रों को व्याख्यान के माध्यम से पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण में वृक्षारोपण के महत्व को समझाया | केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में संस्थान के प्रचार-प्रसार सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई | प्रदर्शनी कक्षा 4 से 9वीं एवं 11वीं के छात्रों एवं शिक्षको ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया | श्री धाना राम ने प्राचार्य, श्री गोविंद सिंह मेहता, को संस्थान की शोध सम्बन्धी प्रचार-प्रसार सामग्री भेंट की | कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 अजमेर के 500 छात्रों ने भाग लिया |

दिनांक 29/11/2019 को प्रकृति कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, अजमेर में वृक्षारोपण एवं व्याख्यान कार्यक्रम रखा गया | कार्यक्रम के आरंभ में श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ तकनीशियन ने कक्षा 7वीं एवं 8वीं के छात्रों छात्रों को वृक्षारोपण तकनीक पौधा रोपकर समझाई | श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने छात्रों को व्याख्यान के माध्यम से पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वनीकरण एवं पर्यावरण में वृक्षारोपण के महत्व को समझाया | केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में संस्थान के प्रचार-प्रसार सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई| प्रदर्शनी कक्षा 3 से 9वीं के छात्रों एवं विद्यालय के शिक्षक श्रीमती रोमा सांखला, उपप्राचार्य, श्रीमती अमिता भार्गव (पीजीटी-अर्थशास्त्र), श्रीमती अंकिता चावला (टीजीटी-सामाजिक विज्ञान), श्रीमती कल्पना मीना (काला शिक्षक), श्रीमती मधु गोयल (टीजीटी-विज्ञान), श्रीमती सुनीता राठौड़ (टीजीटी-हिन्दी), श्रीमती स्वप्न शर्मा (टीजीटी-संस्कृत), श्री राजेंदर (टीजीटी-गणित), श्री आर. एस. वर्मा (टीजीटी-सामाजिक विज्ञान) और श्रीमती प्रीति पाराशर (टीजीटी-कॉमर्स) द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया | श्री धाना राम, ने श्रीमती रोमा सांखला, को संस्थान की प्रचार-प्रसार सामग्री भेंट की | कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 अजमेर के 390 छात्रों ने भाग लिया |

KENDRIYAVIDYALAYA No-1 AJMER
"Prakriti Programme"
ARID FOREST RESEARCH
INSTITUTE, JODHPUR